A

609

दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन- 2016-17

हिंदी

कक्षा- 6 | समय : 2 घंटे

सूचना :
- पंद्रह मिनिट का *कूल ऑफ टाइम* प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए है।
- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें।

गतिविधि -1

सूचना :- खंड पढ़ें, निर्देशानुसार लिखें।

राजगिरी सरकारी यू.पी. स्कूल में पर्यावरण दिवस मनाया गया। उस दिन पर्यावरण संबंधी पोस्टर प्रतियोगिता चलाई गई।

(क) पर्यावरण संबंधी संदेश जोड़कर पोस्टर तैयार करें।

(ख) सही शब्द चुनकर लिखें।

.... की रक्षा करना हमारा दायित्व है।

(प्रक्रति, प्रकृति, प्रर्कति)

गतिविधि -2

सूचना :- कविता पढ़ें और अनुबद्‌ध प्रश्नों के उत्तर लिखें।

लाल गुलाबी, नीले,पीले,
रंग-बिरंगे प्यारे फूल
घर-बाहर और बाग-बगीचे
खिले हुए हैं देखो फूल
कौन इन्हें देता है खुशबू
रंग इनको दे जाता कौन?

(क) सही आशय चुनकर लिखें।

- बगीचे में रंग-बिरंगे फूल हैं।
- बगीचे में केवल सफेद फूल हैं।
- सब जगह फूल खिले हैं।
- फूलों में सुगंध नहीं है।
- फूल के रंग और खुशबू सबको आश्चर्य कर देते हैं।
- सब फूल प्यारे हैं।
- बगीचे के सारे फूल मुरझाए हैं।

(ख) पुष्प के लिए समानार्थी शब्द कविता से चुनकर लिखें।

गतिविधि -3

सूचना :- चित्रवाचन करें और निर्देशानुसार लिखें।

1)

2)

3)

4)

- अचानक उनमें से एक नीचे गिरी।
- उसे घर ले जाकर पिंजरे में रखा।
- पेड़ के ऊपर घोंसले में नन्ही चिड़ियाँ।
- मालू ने उसे उठाया।

(क) चित्रकथा के अनुसार वाक्यों को क्रमबद्ध करके लिखें।

(ख) चित्रकथा के लिए उचित शीर्षक दें।

गतिविधि -4

सूचना :- वार्तालाप को आगे बढ़ाएँ।

मालू चिड़िया को दूध पिलाना चाहती है। वह गिलास लेकर माँ के पास आई।

मालू	:	माँ, थोड़ा दूध दें।
माताजी	:	दूध किसके लिए बेटी?
मालू	:	....
माताजी	:	चिड़िया! कहाँ से?
मालू	:	....
माताजी	:	....
मालू	:	....
माताजी	:	....

गतिविधि -5

सूचना:- चित्रवाचन करें और निर्देशानुसार लिखें।

कितना सुंदर दृश्य है ....

(क) वर्णन को आगे बढ़ाएँ।

(ख) दो फलों के नाम लिखें।